महेंद्रनाथ सरोवर को जैव विविधता विरासत स्थल बनाने की पहल तेज



सीवान (जनादेश): महेंद्रनाथ सरोवर की समृद्ध जैव विविधता के संरक्षण की दिशा में पहल तेज हो गई है। इसे जैव विविधता विरासत स्थल (बायोडायवर्सिटी हेरिटेज साइट) के रूप में चयनित करने की प्रक्रिया शुरू करने को लेकर गुरुवार को बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद, पटना की चार सदस्यीय टीम ने जिला पदाधिकारी विजय प्रकाश मीणा से मुलाकात की।

समाहरणालय में हुई बैठक के दौरान महेंद्रनाथ सरोवर को जैव विविधता विरासत स्थल के रूप में चयनित करने की प्रक्रिया, संबंधित पंचायतों की जैव विविधता प्रबंधन समितियों और स्थानीय निकायों से अनुशंसा प्राप्त करने तथा क्षेत्र में किए गए जैव विविधता सर्वेक्षण के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई। पर्षद की टीम में विषय क्षेत्र विशेषज्ञ अमरेश बिहारी झा, यंग प्रोफेशनल हर्षिता प्रकाश तथा इंटर्न दिवाकर कुमार और सुनंदा कुमारी शामिल रहे।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य महेंद्रनाथ सरोवर क्षेत्र में मौजूद समृद्ध जैव विविधता का संरक्षण करना है। साथ ही ग्राम पंचायतों, जैव विविधता प्रबंधन समितियों और स्थानीय समुदायों की संरक्षण एवं प्रबंधन संबंधी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया जा रहा है। महेंद्रनाथ सरोवर को जैव विविधता विरासत स्थल के रूप में विकसित करने की पहल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है। इससे क्षेत्र की प्राकृतिक संपदा के संरक्षण और स्थानीय स्तर पर जैव विविधता के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलने की उम्मीद है।